
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय, क्रमांक -04
ओ.एन.जी.सी., वडोदरा

विद्यालय ई-पत्रिका

सत्र 2022-23



अनुक्रमणिका

पृष्ठ सं	विषय
1	संरक्षक पृष्ठ
2	संपादक –मंडल
3	सन्देश –अध्यक्ष –वि प्र समिति
4	सन्देश –उपायुक्त
5	प्राचार्य की कलम से
6-7	सम्पादकीय
8	विद्यालय –परिचय
9	परीक्षा –परिणाम
10	विद्यालय के चमकते सितारे (छात्र –उपलब्धि)
11-20	रिपोर्ट / प्रतिवेदन
21-51	विविध गतिविधियों की झलक
52-58	रचनात्मक अभिव्यक्ति – हिंदी विभाग
59-66	संस्कृत –विभाग
67-81	अंग्रेजी -विभाग
82	स्टाफ फोटो

मुख्य संरक्षक

सुश्री निधि पांडे
आई.आई.एस
आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली

संरक्षक

श्रीमती श्रुति भार्गव

उपायुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन,
अहमदाबाद संभाग,
अहमदाबाद

श्री प्रिय रंजन मिश्रा

अध्यक्ष –विद्यालय प्रबंधन समिति केन्द्रीय विद्यालय क्र. 4
ओ एन जी सी, वड़ोदरा
(गुजरात)

श्रीमती विनीता शर्मा

सहायक आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन,
अहमदाबाद संभाग,
अहमदाबाद

सुश्री अपराजिता

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 4,
ओ एन जी सी, वड़ोदरा
(गुजरात)

संपादक –मंडल

शिक्षक संपादक



डॉ. आर.के. गुप्ता
पीजीटी हिंदी
हिंदी अनुभाग



श्रीमती जतिंदर कौर
पीजीटी अंग्रेज़ी
अंग्रेज़ी अनुभाग



सुश्री जिज्ञा मकवाना
टीजीटी संस्कृत
संस्कृत अनुभाग



श्रीमती हुमा यासमीन
पीजीटी कंप्यूटर साइंस
तकनीकी अनुभाग



श्रीमती तरुना माथुर
टीजीटी कला शिक्षा
कला विभाग

सन्देश –अध्यक्ष –वि प्र समिति

प्रिय रंजन मिश्रा
कार्यकारी निदेशक - बेसिन प्रबंधक

Priya Ranjan Mishra
Executive Director - Basin Manager

ओंयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड
Oil and Natural Gas Corporation Limited

प्रगति भवन
पश्चिमी अपतट द्रोणी, मकरपुरा मार्ग,
वडोदरा - 390009, गुजरात, भारत
Pragati Bhavan
Western Onshore Basin, Makarpura Road
Vadodara - 390009, Gujarat, India
+91 265 2638864, Email: bm_wonbasin@ongc.co.in



संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता है कि केंद्रीय विद्यालय क्रमांक - 4 ओ.एन.जी.सी.अपनी वार्षिक विद्यालय ई-पत्रिका-2022-23 को प्रकाशित करने जा रहा है।

मानव जीवन को विकसित करने के लिए शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा यह देश अपने हज़ारों साल की संस्कृति को संजोकर एवं भविष्य में दुनिया के विकसित देशों के व्यक्तियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकेगा और इस उद्देश्य को सकारात्मक रूप में संभव करने का कार्य केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-04 ओ.एन.जी.सी. बखूबी कर रहा है।

नई शिक्षा-नीति में आए बदलावों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी द्वारा, व पूर्व व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत "बस्ता रहित" शिक्षा को लागू कर बच्चों के सर्वांगीण विकास की पहल हम देख रहे हैं।

यह शिक्षा का केंद्र उत्तम शैक्षणिक आधारभूत संरचना और सर्वश्रेष्ठ संकाय के द्वारा छात्रों के ज्ञान उपार्जन के साथ अनुशासन व चरित्र निर्माण में सहयोग प्रदान कर रहा है। मेरी अभिलाषा है कि सभी अध्यापक गण छात्र एवं छात्राएँ इस शताब्दी के महायज्ञ में कदम से कदम मिलाकर बढ़ें और अपने देश को अपने समय में ही विकसित देश के रूप में देख सकें।

ढेर सारी शुभकामनाओं के साथ-

आपका शुभेच्छु

प्रिय रंजन मिश्रा

प्रिय रंजन मिश्रा
अध्यक्ष
विद्यालय प्रबंध समिति

सन्देश –उपायुक्त



संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है कि केन्द्रीय विद्यालय क्र 4, ओ एन जी सी, बड़ोदा शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए विद्यालय की ई-पत्रिका के नए संस्करण का प्रकाशन करने जा रहा है। विद्यालय पत्रिका विद्यालय कि वर्षभर की गतिविधियों की झाँकी होती है जिससे माध्यम से विद्यालय की सभी गतिविधियों एवं नवाचारों की जानकारी सभी को उपलब्ध होती है। मुझे विश्वास है कि आपकी विद्यालय पत्रिका के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी रचनात्मक प्रतिभा को उजागर करने का उचित अवसर मिलेगा।

मैं, विद्यालय पत्रिका के ई-संस्करण प्रकाशन को सफल बनाने के लिए विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों, स्टाफ एवं विद्यार्थियों के सृजनात्मक और रचनात्मक योगदान देने एवं प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सहयोग प्रदान के लिए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ और उनका अभिनंदन करती हूँ ।

(श्रुति भार्गव)

सुश्री अपरजिता
प्राचार्य,
केंद्रीय विद्यालय,
न.4, ओएनजीसी, बड़ोदा ।

प्राचार्य की कलम से



संभावनाओं के नभ में,
विश्वास के विहग हैं।

साहित्य और कला के उचित सामंजस्य से, और अन्य विधाओं के माध्यम से ,अभिव्यक्ति की क्षमता को रोचकता व नवीनता के साथ निरंतर आगे बढ़ाने हेतु ,ई-विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है । केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-04,ओ.एन.जी.सी. की मासिक पत्रिका के लिए मैं विशेष कर उन बच्चों व शिक्षकों को बधाई देना चाहूंगी, जिन्होंने इस पत्रिका के लिए विशेष योगदान अपने बहुआयामी परियोजना (MDP)के द्वारा दिया ।

नई शिक्षा नीति को विद्यालय में बहुत सकारात्मक रूप से लागू करने पर जो बहुआयामी परियोजना(MDP) बच्चों एवम् शिक्षकों ने तैयार किए, मेरी इच्छा थी कि पत्रिका में उन्हें विशेष महत्व दिया जाए ताकि अन्य बच्चे उन्हें पढ़ कर व समझ कर अपने ज्ञान व रचनात्मक कौशल को, और विकसित कर सकें। इस कार्य को करते समय उन्हें समझने व बनाने में क्या दिक्कतें आईं उन्हें भी समझ सकें, ताकि वह भविष्य में अच्छी परियोजना बना सकें तभी इस ई- पत्रिका का प्रकाशन सफल हो सकेगा।

अनेकानेक शुभकामनाओं के साथ--
प्राचार्य,
केंद्रीय विद्यालय- क्रमांक 04
ओ.एन.जी.सी., वडोदरा

सुश्री अपराजिता

सम्पादकीय

कैसे आकाश में सूराख नहीं हो सकता |
एक पत्थर तबियत से उछालो तो यारों ||

कवि दुष्यंत कुमार की ये पंक्तियाँ सन्देश देती हैं कि जीवन में सकारात्मक सोच के साथ सही दिशा में यदि प्रयास किये जाएँ तो कुछ भी असंभव नहीं है | सही समय पर लिया गया सही निर्णय और तदनुरूप उठाया गया सही कदम ही जीवन की सफलता रहस्य है | अतः विद्यार्थियों को समय का मूल्य पहचान कर उसका प्रत्येक क्षण विद्यार्जन और ज्ञानार्जन हेतु व्यतीत करना चाहिए | बीता हुआ समय वापस कभी नहीं आता | अतः समय का सदुयोग करके ही जीवन में लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है |

कोरोना काल के अनंतर सम्पूर्ण देश में शिक्षा जगत में नई शिक्षा नीति के रूप में एक नई क्रांति आई है | शिक्षा के क्षेत्र में नए दिवाकर का उदीयमान होने से अज्ञान रुपी अन्धकार का विनाश सुनिश्चित हो गया है | अब तकनिकी, इंजीनियरिंग और विज्ञान जैसे विषय भी भारतीय भाषाओँ में पढाये जायेंगे जिससे ज्ञान और विज्ञान के क्षेत्र में भाषा का बंधन समाप्त हो जाएगा | भारतीय विद्यार्थी अपनी क्षेत्रीय भाषाओँ में भी अबाध गति से अध्ययन कर सकेंगे | शिक्षा के क्षेत्र में इन नए प्रतिमानों, आदर्शों और सिद्धांतों को केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने स्वीकार कर लिया है और इसके परिणाम भी दृष्टिगोचर होने लगे है |

प्रस्तुत विद्यालय पत्रिका में प्रकाशित रिपोर्ट, फोटो और विचारात्मक लेखों के माध्यम से वर्षभर आयोजित विभिन्न गतिविधियों का प्रत्यक्षीकरण किया जा सकता है | इस पत्रिका में उपलब्ध सामग्री निश्चितरूप से उपयोगी और सार्थक सिद्ध होगी, ऐसा मेरा विश्वास है |

इस पत्रिका के ई प्रकाशन- 2023 के लोए मै संपादक मंडल की ओर से विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीयुत प्रिय रंजन मिश्रा, अहमदाबाद संभाग के उपायुक्त श्रीमती श्रुति भार्गव, सहायक आयुक्त श्रीमती विनीता शर्मा एवं मीना जोशी और विद्यालय की प्राचार्य सुश्री अपराजिता के प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ जिनके अमूल्य मार्गदर्शन और प्रेरणा से इस पत्रिका का कलेवर तैयार हुआ है | इस पत्रिका को पाठक-वर्ग को समर्पित करते हुए मुझे अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है |

डॉ राजेश कुमार गुप्ता

स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)



आज समय है डिजिटल क्रांति का और विगत कुछ वर्षों से समय ने हमें डिजिटल शिक्षा की ओर उन्मुख किया है। हमें परंपरागत सोच से बाहर निकलते हुए नवीन आयामों को शिक्षा के विभिन्न पहलुओं से जोड़ने की दिशा में सार्थक पहल की ओर चलना है, ताकि हम शिक्षा की नवीन ज्योति से विश्व में भारत को आलोकित कर सकें । यह मेरा सौभाग्य है कि केंद्रीय विद्यालय क्रमांक -04 ओ.एन.जी.सी .द्वारा ई -पत्रिका का प्रकाशन मेरे संरक्षण में किया जा रहा है, जहाँ विद्यालय नई शिक्षा नीति के आधार पर बच्चों को विभिन्न धरातल पर सुसज्जित कर रह है। ताकि विश्व में समय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने में उन्हें परेशानियाँ ना आएं।

प्रस्तुत ई-पत्रिका में बच्चों व मेरे शिक्षक साथियों के कुछ बहुआयामी परियोजना कार्य को प्रदर्शित करने का कार्य किया है ताकि पत्रिका को और लाभकारी बनाया जा सके। साथ ही वार्षिक गतिविधियाँ, उपलब्धियाँ व विभिन्न विभागों की वार्षिक प्रतिवेदनों द्वारा विद्यालय को सूक्ष्म रूप में देखा जा सके, और नए वर्ष के लिए दूरगामी योजनाओं को लाभान्वित रूप में अग्रसर किया जा सके।

बच्चों में नैसर्गिक सृजनात्मकता होती है जिसे सही दिशा देना विद्यालय का कर्तव्य है। अध्ययन के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ जैसे खेलकूद ,पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आदि के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी अभिरुचि के अनुरूप उनके व्यक्तित्व को निखारने और संवारने का सतत प्रयास किया जा रहा है। पत्रिका में चित्रों के माध्यम से आप इसे देख सकते हैं। सभी पाठकों के स्वस्थ ,प्रसन्न व प्रगति के पथ पर हमेशा अग्रसर होने की आकांक्षा के साथ-

--

-

डॉ. तरुणा माथुर
टी जी टी कला-शिक्षा

विद्यालय –परिचय



ओएनजीसी प्रांगण में स्थित केंद्रीय विद्यरलय क्र 4, वडोदरा नगर के सी बी एस ई के प्रतिष्ठित विद्यालयों में अग्रगण्य है|

- यह विद्यालय अहमदाबाद संभाग के अंतर्गत ओएनजीसी द्वारा प्रायोजित है जिसकी स्थापना 1993 में हुई थी।
- वर्तमान में इस विद्यालय में लगभग 355 छात्र- छात्राएं अध्ययनरत हैं |
- इसमें प्राचार्य सहित शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक स्टाफ की संख्या 18 है |
- इस विद्यालय में कक्षा 4 से 12 तक के छात्र अंग्रेजी माध्यम से पढ़ते हैं|
- इस विद्यालय में 1 कंप्यूटर लैब उपलब्ध हैं ।
- इस विद्यालय में छात्रों के लिये 1 अटल टिंकरिंग प्रयोगशाला उपलब्ध हैं ।
- कक्षा 11वी एवं 12वी में विज्ञान वर्ग़ में ही अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है।
- विद्यालय में एक दृष्य श्रव्य कक्ष भी उपलब्ध है ।

परीक्षा –परिणाम

RESULT OF SCHOOL (NON-BOARD CLASSES)
SESSION 2022-23

S.NO	CLASS	TOTAL STRENGTH	NUMBER OF STUDENTS PASSED	PASS PERCENTAGE
1	III	46	46	100
2	IV	41	41	100
3	V	46	46	100
4	VI	41	41	100
5	VII	47	47	100
6	VIII	49	49	100
7	IX	49	48	97.95

RESULT OF SCHOOL (BOARD CLASSES)
SESSION 2022-23

CLASS	TOTAL STRENGTH	NUMBER OF STUDENTS PASSED	PASS PERCENTAGE
X	48	48	100

विद्यालय के चमकते सितारे (छात्र –उपलब्धि)

सी बी एस सी में कक्षा –10 की परीक्षा-2022-23 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के छात्र / छात्रा

TOPPERS (CLASS-X)



तृप्ति कुमारी
95.6%



निहार रंजन
92.6%



ऋतिका राजेश सिंह
92.4%



मयंक बेलवाल
92.4%

विद्यालय – रिपोर्ट / प्रतिवेदन

English Department

NEP 2020 aims to expand the goal of education to building a student's character and creating a well-rounded individual possessing key 21st-century skills.
The curricula in languages focus on listening, speaking, reading and writing skills and, hence develop effective communicative proficiencies. Learners use language to comprehend, acquire and communicate ideas in an effective manner
With the implementation of NEP 2020, teaching and learning in English is conducted in a more interactive manner. Classroom sessions regularly contain more fun and exploratory activities. Subject Content focuses on key concepts, ideas, applications, and problem-solving. Asking questions has been encouraged. Apart from that peer learning has been made a pert of new system.
Reduction in curricular content to focus on essential learning and critical thinking
NCERT has reduced the syllabus in all the subjects in all the classes from the academic session 2022-23 to enable students to sharpen critical and creative thinking by involving themselves in different fun activities related to the subject.

Reduction in curricular content to focus on essential learning and critical thinking

NCERT has reduced the syllabus in all the subjects in all the classes from the academic session 2022-23 to enable students to sharpen critical and creative thinking by involving themselves in different fun activities related to the subject.

Activities conducted in English in classes 6th to 11th in the academic session 2022-23

Class	Activity
VI	Spell Bee, Poem recitation, Story telling, Role Play, Listening skills
VII	Spell Bee, Dramatization, Dialogue , Poem recitation, Story telling, Role Play, Quiz, Listening skills
VIII	Spell Bee, Skit, Poem recitation, Story telling, Role Play, Group Presentation, Quiz, Listening skills
IX	Skit, Group Presentation, Shark Tank , Quiz, Role Play, Class Magazine, Speech , Debate, Listening skills
X	Speech, Debate, Role Play , dramatization, Listening skills
XI	Speech, Debate, Role Play , dramatization, Listening skills

विद्यालय – रिपोर्ट / प्रतिवेदन

बस्ता रहित दिवस"कार्यक्रम रिपोर्ट "

पूर्व व्यवसायिक कार्यक्रम NEP -2020"के अंतर्गत "बस्ता रहित दिवस "की कक्षा छठी, सातवीं व आठवीं के सभी दसों दिनों का प्रशिक्षण पूर्ण किया गया। विद्यार्थियों ने समय-समय पर टाई एंड डाई वर्कशॉप में कपड़ों को विभिन्न तरीके से कपड़ों को बांधकर पारंपरिक पैटर्न डिजाइन सीखा वह स्वयं कपड़े को रंगने की प्रक्रिया को करके घर के लिए आवश्यक सामान बनाए जैसे रुमाल, टी-शर्ट, बेडशीट, दुपट्टा ,कुर्ता जैकेट इत्यादि । अटल टिंकरिंग लैब्स में उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक सम्बन्धित कार्य सीखा। अनमोल पानी की बचत के लिए विद्यालय के पेड़ पौधौं में ड्रिप ईरिगेशन को कैसे लगाएं इसे प्रायोगिक तरीके से करके उन्हें आत्मिक बोध हुआ। पारंपरिक तरीके से चाक पर मिट्टी के पॉट कैसे बनाए जाते हैं उसका भी उन्हें अनुभव हुआ । विज्ञान विषय की गंभीरता को समझते हुए उन्हें चकोरता विश्व विद्यालय,आनंद की विभिन्न गतिविधियों द्वारा विज्ञान को प्रायोगिक तरीके से सीखा। विश्व विद्यालय में बच्चों ने आई टी सैल से सम्बन्धित अन्य क्रियाकलापों से मन में उठे प्रश्नों को समझने का प्रयास किया। बड़ौदा डेयरी की यात्रा करके उन्होंने दूध कैसे सभी तक पहुँचाया जाए व स्वच्छता के साथ उसकी पैकेजिंग को भी जाना। कुल मिलाकर विद्यालय ने "बस्ता रहित दिवस"कार्यक्रम के अपने 10 दिन के कार्यक्रम में सफलता हासिल की ।विद्यार्थियों ने इसका भरपूर उपयोग किया और ज्ञानवर्धक शिक्षा को मनोरंजन के साथ सीखा और शिक्षा को किताबों के बिना स्वयं प्रयोग करने से उनमें नया उत्साह और ऊर्जा का संचार भी हुआ। विद्यालय में विभिन्न अवसरों पर विद्यार्थियों को बस्ता रहित बुलाकर पुस्तकों के अलावा शिक्षा की व्यवस्था की गई जो निम्न प्रकार है-

डॉ तरुणा माथुर
कला शिक्षिका









विद्यालय – रिपोर्ट / प्रतिवेदन

हिंदी पखवाड़े का प्रतिवेदन

विद्यालय में हिंदी पखवाड़ा 14 सितंबर, 2022 से 28 सितंबर, 2022 तक मनाया गया जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए विभिन्न गतिविधियां एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गई | विद्यार्थियों के लिए प्राथमिक विभाग और सेकेंडरी विभाग के लिए अलग अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई | पखवाड़े के अंतर्गत,प्राथमिक विभाग में श्रुतलेख, हिंदी काव्य पाठ, हिंदी सुलेख और आशु भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई |

सेकेंडरी विभाग में पखवाड़े के अंतर्गत काव्य पाठ, कविता पाठ कहानी कथन, राजभाषा प्रश्नोत्तरी और आशु भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। शिक्षकों के लिए वर्ग पहेली एवं राजभाषा तकनीकी शब्दावली की प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं विजेता समस्त शिक्षकों को पुरस्कृत किया
गया |

पुस्तकालय

पुस्तकालय में कुल 3876 पुस्तकें हैं। इस पुस्तकालय में अंग्रेजी में 1541 पुस्तकें और हिंदी में 2235 पुस्तकें हैं। पत्रिकाओं, कहानी की किताबो के अतिरिक्त विद्यालय द्वारा विभिन्नपत्रिकाएं भी खरीदी जाती हैं |150 किताबें इस वर्ष में विद्यालय द्वारा खरीदी गई थीं। विद्यालय द्वारा अधिकतम हिंदी पुस्तकें खरीदी गई थीं। योजना हिंदी/अंग्रेजी, कुरुक्षेत्र हिंदी/ अंग्रेजी, बाल भारती हिंदी, रोजगार समाचार पत्रिकाए विद्यालय द्वारा मंगवाए जाती है।

कंप्यूटर विभाग

सत्र 2022-23 में पढाई तथा अन्य गतिविधियां में कंप्यूटर विभाग की विशेष भूमिका रही है । शिक्षण कार्य सुचारु रूप से चलाने के लिये शिक्षकों ने कंप्यूटर, आई पैड, वेब कैमरा, इंटर्नेट आदि का उपयोग किया |
ICT की परीक्षा कंप्यूटर के माध्यम से ली गयी ।

हुमा यासमीन
(पीजीटी कंप्यूटर साइंस)

विद्यालय – रिपोर्ट / प्रतिवेदन

अतिथि- व्याख्यान / GUEST LECTURES

अतिथि व्याख्यान छात्रों को अधिक इंटरैक्टिव, विषय विशिष्ट तरीके से अपनी शिक्षा को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। ये न केवल छात्रों के लिए बहुत उपयोगी हो सकते हैं, बल्कि शिक्षक के ज्ञान और अभ्यास में भी योगदान दे सकते हैं। कक्षाओं को छात्रों के लिए अधिक सुलभ और आकर्षक बनाने के लिए अतिथि व्याख्यान का उपयोग किया जा सकता है।

एक अच्छा अतिथि वक्ता व्याख्यान छात्र को उस क्षेत्र के बारे में और अधिक रुचिकर बना सकता है और इसमें पूर्ण नामांकन हो सकता है, साथ ही क्षेत्र-संबंधित कनेक्शन, विचारों पर एक अलग दृष्टिकोण हो सकता हैं।

Guest Speakers /Topic	Date
Guest lecture on “safe work environment” (for Staff) by Ms Tripti Sheth	04.07 2022
IBM Skill Building Workshop For classes IX to XI	21.12.2022
Guest lecture by Mrs. Satyashwini (scientific officer) on the workings of Baroda Heavy Water Plant For Classes IX toXI	10.02.2023





जतिंदर कौर
(पीजीटी अंग्रेजी)

विद्यालय – रिपोर्ट / प्रतिवेदन

शिक्षक अभिभावक सम्मेलन

एक स्कूल के बेहतर संचालन के लिए शिक्षकों और अभिभावकों का एक साथ आना जरूरी है। एक अभिभावक निश्चित रूप से वह सब कुछ जानना चाहता है जो स्कूल में चल रहा है, जिसमें शिक्षक और स्कूल प्रबंधन भी शामिल है। यही बात शिक्षकों पर भी लागू होती है, जिसमें वे छात्रों की सामाजिक पृष्ठभूमि, रुचियों आदि को जानना चाहते हैं। यह सब वास्तव में छात्रों के लाभ के लिए काम करता है। एक छात्र के बारे में अधिक जानने से शिक्षकों को उनकी आवश्यकताओं को तदनुसार पूरा करने में मदद मिलती है। यह स्कूल में अभिभावक शिक्षक बैठक (पीटीएम) द्वारा अच्छी तरह से हासिल किया गया है।

1-यह सुनिश्चित करना कि बच्चा नियमित रूप से कक्षाओं में भाग लेता है।

2- यह सुनिश्चित करना कि बच्चा दिए गए सभी कार्यों को समय पर पूरा करे।

3-अपने बच्चे के लिए एक मित्र, मार्गदर्शक और सूत्रधार के रूप में कार्य करना।

4-यह सुनिश्चित करना कि बच्चा सभी कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में पूरे दिल से भाग लेता है।

5- नियमित आधार पर अपने बच्चे की प्रगति और प्रदर्शन की निगरानी करें।

6-माता-पिता के साथ पी पी टी आदि में छात्रों के प्रदर्शन को साझा करने के लिए मासिक पीटीएम आयोजित किए गए।

जतिंदर कौर
(पीजीटी अंग्रेजी)



विद्यालय – रिपोर्ट / प्रतिवेदन

विद्यालय- प्रबंध समिति की रिपोर्ट

स्कूल से संबंधित गतिविधियों के समुचित संचालन और निगरानी के लिए तीन साल की अवधि के लिए वीएमसी का गठन किया गया है। यह समिति स्कूल से संबंधित सभी मामलों पर चर्चा करने के लिए बैठक आयोजित करती है।

क) स्कूल के कामकाज की निगरानी करना।

बी) स्कूल विकास योजना तैयार करना और सिफारिश करना।

ग) उपर्युक्त सरकार या स्थानीय प्राधिकरण या किसी स्रोत से प्राप्त अनुदानों के उपयोग की निगरानी करना, तथा

घ) ऐसे अन्य कार्य करना जो निर्धारित किए जा सकते हैं।

सत्र 2022-23 के दौरान वस्तुतः तीन VMC बैठकें आयोजित की गईं।

पहला वीएमसी 31.10.2022

दूसरी वीएमसी बैठक 24.01.2023

तीसरी वीएमसी बैठक -29.03.2023

जतिंदर कौर
पीजीटी अंग्रेजी









विद्यालय – रिपोर्ट / प्रतिवेदन

खेलकूद एवं योग गतिविधि

क्र.सं	महीना	गतिविधियां
1	फ़रवरी	प्रख्यात खेल राज्य
2	मार्च	मेडिटेशन माइंडफूलनेस
3	अप्रैल	मास पीटी जागरूकता
4	मई	योग और सभी कक्षाओं का अभ्यास
5	जून	योग दिवस समारोह
6	जुलाई	उत्कृष्ट खेल व्यक्तित्व व्यक्ति रचनात्मक तरीके से बात करते हैं
7	अगस्त	ओलिंपिक के लिए सड़क पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता
8	सितंबर	फिटइंडिया रन नंद प्लॉग रन वार्षिक और राष्ट्रीय खेल दिवस
9	अक्टूबर	फिटइंडिया प्लॉगिंग रन मेडिटेशन
10	नवंबर	FITINDIA स्कूल सप्ताह और देश भर में राष्ट्रीय खेल

विद्यालय – रिपोर्ट / प्रतिवेदन

REPORT OF VARIOUS ACTIVITIES FOR THE SESSION 2022-23

During the session the students participated in various activities through school and individually.

38 students had participated at Cluster level Kala Utsav Competition held at K V NO 3 Makarpura in various competitions and out of them 9 students bagged first, second and third positions.

· 5 students participated in Manak Inspire Award.
· 5 students participated in National Children's Science Congress
· 19 students participated in Science promotion orient test,7 qualified in prelims.
· 11 students participated in Cluster level sport meet in various games like chess, badminton and Cricket.
· 1 student in Cricket selected for KVS Regional Level Sports Meet

- In CBSE Coding Challenge our school team 'Coding Masters ' comprising of 4 students(Mas. Krish Kumar,Mas. Umang Gupta,Mas. Tirth Thesia, Mas. Abhinav Mishra) and 1mentor (Mrs Sangeeta Arora,PGT Physics) have been selected among the top five winners in Ajmer region for qualifying for the national level

- Miss ruchita goru-class xi has participated in the "pariksha pe charcha 2023 drawing & painting competition" of baroda district organized by kvs on 23.01.2023 held at kv no-3 afs makarpura, where 100 students from kendriya vidyalayas, navodaya vidyalayas and private schools participated she bagged the first position & her painting has been selected to be displayed in the art gallery of ppc 2023

- Miss. TRIPTI KUMARI, CLASS –X selected at Cluster Level Quiz Competition on the occasion of "Azadi Ka Amrit Mahotsav" to represent Baroda Cluster at Regional Level Quiz Competition

- Mast. Tejas Dwivedi, class IX, secured 1st position in mono acting at cluster level Kala Utsav Competition.

विद्यालय – रिपोर्ट / प्रतिवेदन




नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु केन्द्रीय विद्यालय क्र.4 ओ.एन.जी.सी वड़ोदरा, को दिनांक 16.12.2022 को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया

विद्यालय – रिपोर्ट / प्रतिवेदन


एनईपी 2020 के तहत गतिविधियाँ

- फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) को निपुण भारत मिशन भी कहा जाता है
- बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को बेहतर तरीके से प्राप्त करने के लिए शिक्षार्थियों के बीच अपने स्कूल के बाहर के अनुभवों को कक्षा में सीखने के लिए कौशल विकसित करना।
- खिलौना आधारित शिक्षाशास्त्र एक शिक्षण-सीखने का दृष्टिकोण है
- अवधारणाओं और कौशलों को खिलौनों, खेलों, कठपुतलियों आदि का उपयोग करके आनंदमय तरीके से सीखा जाता है।
- क्षेत्रीय भाषा का शिक्षण
- आठवीं कक्षा में शौक के रूप में और नौवीं और दसवीं कक्षा में एक विषय के रूप में एआई (AI) को पढ़ाना
- "पूर्व-व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम (पीवीईपी) (कौशल विकास) कक्षा VI से VIII के लिए बैगलेस डे के रूप में
- प्राथमिक स्तर पर श्रेणीबद्ध कार्यपत्रक
- नियमित (LAT) शिक्षार्थी की उपलब्धि परीक्षा
- छठी से आठवीं कक्षा में एमडीपी (बहु-विषयक परियोजना) का कार्यान्वयन
- जहां पूरी कक्षा और विषय शिक्षकों को एक ही प्रोजेक्ट दिया जाता है
- परियोजना से संबंधित कार्य सौंपें
- शिक्षार्थी की डायरी
- कक्षा IX और X में कला एकीकृत परियोजनाएँ
- विभिन्न गतिविधियों में ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड के माध्यम से नियमित शिक्षकों को प्रशिक्षण

विविध गतिविधियों की झलक




बहुआयामी परियोजना/ MDP








बहुआयामी परियोजना/ MDP





अभिविन्यास कार्यक्रम













परीक्षा पे चर्चा







पृथ्वी दिवस


LIFE IS POSSIBLE
EARTH DAY
CELEBRATION
22.04.2022
SAVE EARTH MOTHER


EARTH DAY


SAVE
WATER




केन्द्रीय विद्यालय क्र. 4
ओ एन जी सी, वडोदरा.
KENDRIYA VIDYALAYA NO.4
ONGC-VADODARA.

योग दिवस







वृक्षारोपण अभियान







अलंकरण समारोह




केन्द्रीय विद्यालय
KENDRIYA VIDYALAYA


केन्द्रीय विद्यालय
KENDRIYA VIDYALAYA







केन्द्रीय विद्यालय
KENDRIYA VIDYALAYA

सक्षम साइकिल रैली









रूट्स 2 रूट्स "मस्तिष्क विकास कार्यशाला"









वार्षिक पैनल निरीक्षण 2022









स्वतंत्रता दिवस


केन्द्रीय विद्यालय
KENDRIYA V


केन्द्रीय विद्यालय
KENDRIYA V


केन्द्रीय विद्यालय
क्र. ४ ओ.एन.जी.सी., वडोदरा
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
केन्द्रीय विद्यालय क्र.4,


केन्द्रीय विद्यालय
KENDRIY







संस्कृत सप्ताह







शिक्षक दिवस


केन्द्रीय विद्यालय
KENDRIYA VIDYALAYA
शिक्षक दिवस


केन्द्रीय विद्यालय
KENDRIYA VIDYALAYA
शिक्षक दिवस
की शुभकामनाएं


केन्द्रीय विद्यालय
KENDRIYA VIDYALAYA
शिक्षक दिवस

राष्ट्रीय एकता दिवस



ओएनजीसी सेंट्रल वर्कशॉप का दौरा










'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत के.वी.जांजगीर के साथ वीडियो सम्मेलन









बाल दिवस


केन्द्रीय विद्यालय
KENDRIYA VIDYALAYA
NO. 4, O.N.G.C., Vadodara


KENDRIYA VIDYALAYA


KENDRIYA VIDYALAYA
NO. 4, O.N.G.C., Vadodara


केन्द्रीय विद्यालय
KENDRIYA VIDYALAYA


राष्ट्रीय
बाल
दिवस
14/11/2022


केन्द्रीय विद्यालय
KENDRIYA VIDYALAYA


KENDRIYA VIDYALAYA

नवीकृत भवन का अध्यक्ष द्वारा लोकार्पण









राष्ट्रीय शिक्षा दिवस









के.वि.एस. स्थापना दिवस समारोह










वार्षिक खेल दिवस









गणतंत्र दिवस समारोह











बसंत पंचमी उत्सव



बस्ता रहित दिवस/BAGLESS DAY



Visit to Charotar University of Science and Technology, Anand , Gujarat





Drip Irrigation







Pottery

बस्ता रहित दिवस/BAGLESS DAY








Tie and Dye Art Activity

Workshop from Camlin India on Fluid Art








Hands on practice in Atal Tinkering Lab for class VIII

स्वच्छता पखवाड़ा









प्राथमिक कक्षाओं के लिए फ़नडे

प्राथमिक बच्चों द्वारा स्वदेशी खेल





FIT INDIA POSTER MAKING & INDIGENOUS TOYS COMPETITION





प्राथमिक खंड द्वारा प्रकृति की सैर





सह पाठ्यक्रम गतिविधियां

SNo	ACTIVITY	MODE OF COMPETITION
1	Drawing competition	School level competition
2	76th independence day celebration	Celebration in school
3	Fancy Dress (Vi-Vii) Solo Song (Viii) Poem Recitation(Ix) English/Hindi Extempore (X)	Class wise competition
4	Sanskrit Sloka Recitation	Competition Under Sanskrit Saptah
5	EBSB competiton(Chattisgarh) 1. solo dance 2. Solo song	
6	swachhcta pakahvada	Sapath taken by all teachers and students talk on Swchhcta awareness Walkathon
7	Green school day	1. Imagination slogans/posters/pamphlets on water conservation/single use ofplastic (by students) 2. Tree plantation by teachers
8	lecture on Cyber awareness by PGT CS	Class III to V Class VI to XI
9	Hand wash day	small speech on Hand wash in Hindi and English from primary class one from secondary class
10	Competition on making artifacts using local recycled raw material for storage or waste	competition
11	Kavya Path Under Hindi Pakhvada	Class wise Competition
12	hindi kahani kathan competition	house wise competition
13	hindi ashubhasan on poshan	competition
14	Annual sports day Celebrations	school level
15	Gandhi jayanti celebration with teachers	Quiz competition with teachers

सह पाठ्यक्रम गतिविधियां

16	Kala utsav competition preparation (Dance: traditional/classical, Song :Traditional/Classical, Instrumental : Traditional/Classical, Indigenous game and toys, Visual art 2D/3D(sculpture)	Group wise competition
17	Competition under "Paryavaran" 1. Quiz for all classes 2. Making maximum eco brick	School level competition
18	Greeting card competition	Class Wise Competition
19	Treasure hunt game	Class Wise Competition
20	Essay Writing Competition On Single Use Of Plastic	Class Wise Competition
21	Gallantry award activity	Class Wise Activity
22	activity on unsung heros	Make A Video On Real Heros With Their Family
23	class wise Painting competition	VI- Painting On Water And River VII- Painting On Water And River VIII- Painting On Afforestation IX- XPainting On Biodiversity Conservation
24	Tri Colour Activity	for all classes
25	Science day celebration	Class wise competition
26	Republic day celebration	School level celebration

रचनात्मक अभिव्यक्ति

हिंदी विभाग



कविता

नौजवान आओ रे, नौजवान गाओ रे ।।
लो क़दम बढ़ाओ रे, लो क़दम मिलाओ रे ।।
ऐ वतन के नौजवान, इक चमन के बागवान ।
एक साथ बढ़ चलो, मुश्किलों से लड़ चलो ।
इस महान देश को नया बनाओ रे ।।
नौजवान...
धर्म की दुहाइयाँ, प्रांत की जुदाइयाँ ।
भाषा की लड़ाइयाँ, पाट दो ये खाइयाँ ।
एक माँ के लाल, एक निशां उठाओ रे ।।
नौजवान...
एक बनो नेक बनो, ख़ुद की भाग्य रेखा बनो ।
सर्वोदय के तुम हो लाल, तुमसे यह जग निहाल ।
शांति के लिए जहाँ को तुम जगाओ रे ।।
नौजवान...
माँ निहारती तुम्हें, माँ पुकारती तुम्हें ।
श्रम के गीत गाते जाओ, हँसते मुस्कराते जाओ ।
कोटि कण्ठ एकता के गान गाओ रे ।।
नौजवान...

निकुंज कश्यप
कक्षा –नवमी

माँ

माँ वो है,
जो हमारे जीवन को इन्द्रधनुष्य रंगो से भर देती है,
बिन बोले, बिन मांगे, हमारी जरूरत समझती है।

माँ वो है,
जिनके प्यार की न कोई हद है और न ही कोई
स्वार्थ, शब्दों में बताना है मुश्किल, हमारे प्रति
उनके भावार्थ।

माँ वो है,
जिनके होने से ही हम काबिल हैं,
उनकी हर दुआ मे हमारी खुशी ही शामिल है।
खुश नसीब हैं हम,

माँ हमारी पास न आने देगी कोई भी गम।

-आल्या जंडवानी
कक्षा – पंचमी

अच्छे और बुरे लोग

अक्सर हम कई बार ऐसे लोगों के बीच आ जाते है जहाँ हम अच्छे और बुरे लोगों में फर्क नहीं समझ पाते है | यह जीवन की सबसे बड़ी विडम्बना है | ऐसे में कुछ बुरे लोग हमें भी अपने जैसा बनाने की कोशिश में रहते है और ऐसा करके उन्हें काफ़ी आनंद भी मिलता है | ऐसे लोग ना तो खुद आगे बढ़ते है और ना किसी को आगे बढ़ने देते है | अब अच्छे लोगों की क्या खासीयत होती है वो जान लेते है |अच्छे लोग आपको आगे बढ़ने की सलाह देने के साथ-साथ आपकी प्रेरणा के स्रोत्र भी बनते है | कई लोग अपने जीवन स्तर में काफ़ी सुधार कर चुके होते है क्योंकि उनके साथ कुछ गतिविधियाँ थी जो उन्हें कुछ अच्छे लोगों से सीखने को मिली |

अपने साधनों का सही उपयोग कहाँ और कैसे करना है, ये वो भलीभांति समझ सकते है |अक्सर कई लोग उन लोगों के बीच बैठना पसंद करते है जो सिर्फ उनकी झूठी तारीफ करते है | लेकिन आप बस एक बार उनसे अपने लिए मदद की उम्मीद करके देखिएगा | आप खुद समझ जायेंगे की वो हमारे हितेषी है या नहीं |

नींम कड़वा जरुर होता है पर ज्यादातर बीमारियों में नीम हकीम है | कुछ लोग नीम की तरह होते है | लेकिन वो ही आपके सच्चे हितैषी भी होते है |

अच्छे और बुरे लोग

ऐसे लोगों से हमेशा आपको फायदा ही मिलता है |क्योंकि उनको जब आपकी बुराई करनी होती है तो वो आपके पीठ पीछे नहीं बोलेंगे | बल्कि वो आपके सामने ही आपकी बुराई कर देंगे | उनकी बातें बिलकुल खरी होती है |

अब में बुरे लोगों की बात करूँ तो वो नकारात्मक पहलुओं को तुरंत पकड़ते है और जब हम उनके साथ रहना शुरू करते है तो हमारे अन्दर भी वो ही नकारात्मक भाव पनपने लगते है |

हमारी सोच भी उन्ही के जैसी होने लगती है | क्योंकि एक दूसरे में घुलने-मिलने के लिए हमें भी उनके जैसा ही बनना पड़ जाता है | ये मानव की प्रकृति है कि वो नकारात्मकता की ओर जल्दी ही आकर्षित हो जाता है | जिसका प्रभाव उन्हें तब दिखाई पड़ता है, जब कोई उनकी आशाओं को रोंधकर उनसे आगे निकल जाता है |

कई बार तो इतनी देर हो चुकी होती है कि मुकाम हाथ से पूरी तरह निकल जाता है | जो लोग मीठा बोलते है आपको उनसे सतर्क रहने की जरुरत है | हो सकता है कि वो आपके हितेषी न हो | मैं ये नहीं कहता की सभी लोग एक जैसे ही होते है | कुछ लोग आपकी परवाह करने वाले भी होंगे | इसी उम्मीद के साथ कि आपको मेरे इस प्रेरणादायक लेख से कुछ सीखने को मिला | आप अपनी प्रतिक्रिया जरुर दे |

आयन सिंह
कक्षा –दशमी

मानवता

न हो अपना दुश्मन कोई
सबको प्यार से गले लगायें,
नफरत के हम मिटा अँधेरे
आओ प्यार के दीप जलाएं।
ये सारा संसार है अपना
अपने हैं सब लोग
फिर क्यों मन को लगा हुआ
भेद-भाव का रोग,
त्याग के सारा अहंकार हम
आज चलो ये रोग मिटायें
नफरत के हम मिटा अँधेरे
आओ प्यार के दीप जलाएं।

नाम- श्रेया सिंह
कक्षा- दशमी


शिक्षक

जीवन मे जो रह दिखाये,
सही तरह चलना सिखाये।
माता-पिता से पहले आता,
जीवन मे सदा आदर पाता।
सबको मान प्रतिष्ठा जिससे,
सीखी कर्तव्यनिष्ठा जिससे।
कभी रहा न दूर मै जिससे,
वह मेरा पथदर्शक है जो।
मेरे मन को भाता,
वह मेरा शिक्षक कहलता।

अभिनव तिवारी
कक्षा – दशमी

रचनात्मक अभिव्यक्ति

संस्कृत –विभाग



अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम्।।

सरस्वती पर श्लोक

1)

नमस्ते शारदे देवी, काश्मीरपुर वासिनी,
त्वामहं प्रार्थये नित्यं, विद्या दानं च देहि में,
कंबू कंठी सुताम्रोष्ठी सर्वाभरणंभूषिता,
महासरस्वती देवी, जिव्हाग्रे सन्नी विश्यताम् ।।

2)

शारदायै नमस्तुभ्यं , मम ह्रदय प्रवेशिनी,
परीक्षायां समुत्तीर्णं, सर्व विषय नाम यथा।।

नाम - आशुतोष
कक्षा - छठ्ठी

विद्यालये संस्कृते ६ वाक्यानि

1. मम विद्यालयस्य नाम केन्द्रिय विद्यालय क्र. 4 ओ एन जी सी वडोदरा ।
2. मम विद्यालय: अति सुन्दरं अस्ति।
3. विद्यालये एकं सुन्दरं उद्यानं अस्ति ।
4. मम विद्यालये एका विज्ञान प्रयोगशाला, एका गणित प्रयोगशाला च अस्ति।
5. प्रतिवर्ष वार्षिकोत्सवः अपि आयोज्यते।
6. मम विद्यालये एकः पुस्तकालयः अपि अस्ति।

नाम - ध्रुमेश आनंद

कक्षा - षष्ठी

श्लोक माला

1.आरोग्यं विद्वत्ता सज्जनमैत्री महाकुले जन्म ।
स्वाधीनता च पुंसां महदैश्वर्यं विनाप्यर्थैः ।।

अर्थात्- आरोग्य विद्वता सज्जनों से मैत्री श्रेष्ठ कुल में जन्म दूसरे के ऊपर निर्भर ना होना यह सब धन नहीं होते हुए भी पुरुषों का ऐश्वर्य है ।

2.अयं निजः परोवेति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरिता नाम तु वसुधैव कुटुम्बकम्।।

अर्थात्- यह मेरा है , वह पराया है , ऐसी गणना छोटे हृदय के लोग करते हैं। विशाल हृदय वालों के लिए तो सारी पृथ्वी ही कुंटुम्ब हितेषी के समान है।

3. आलस्य कुतो विद्या, अविद्यस्य कुतो धनम्।
अधनस्य कुतो मित्रं अमित्रस्य कुतः सुखम्।।

अर्थात्- आलसी आदमी को विद्या कहां से प्राप्त होगी , जिसके पास विद्या नहीं उसे धन कैसे मिलेगा , धन ना हो तो मित्र कैसे मिलेगा और मित्र ना हो तो उसे सुख कैसे मिलेगा।

श्लोक माला

4.उद्द्मेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविश्यन्ति मुखे मृगाः।।

अर्थात्- प्रयत्न करने पर ही किसी कार्य में यश मिलता है , केवल मनोरथ करने से कार्य सिद्ध नहीं होते। सोए हुए सिंह के मुख में वन्य प्राणी स्वयं जाकर नहीं पड़ते। शेर को भी अपनी भूख शांत करने के लिए कार्य करना पड़ता है।

5. सर्व धर्म समा वृत्तिः सर्व जाति समा मतिः।
सर्व सेवा परानीति, रीतिः संघस्य पद्धति।।

अर्थात्- सभी धर्मों के साथ समान वृत्ति सभी जातियों के साथ समानता की बुद्धि तथा लोगों के साथ परायणता का व्यवहार संघ की पद्धति है।

6. अमन्त्रम अक्षरं नास्ति, नास्ति मूलमनौषधं।
अयोग्य पुरुषः नास्ति, योजकस्तत्र दुर्लभः।।

अर्थात्- ऐसा कोई अक्षर नहीं जिसका मंत्र ना बन सके ऐसी कोई जड़ी बूटी नहीं जिसकी औषधि न बन सके ऐसा कोई व्यक्ति नहीं जिसे अयोग्य करार दिया जाए केवल उचित योजक होना ही दुर्लभ है।

नाम - सनताशा
कक्षा - अष्टमी

महर्षि वाल्मीकि



वाल्मीकिमहर्षिः रामायणस्य कर्ता। अयम् आदिकविरित्युच्यते। अस्य पिता प्रचेताः। रत्नाकरः इति वाल्मीकेः मूलं नाम। प्रचेतसः पुत्रः इति कारणेन प्राचेतसः इति अस्य अपरं नाम। जन्मना अयं व्याधः आसीत्। रत्नाकरः अरण्यमार्गे गच्छतः जनान् भाययित्वा चौर्यं कृत्वा जीवति स्म। एकदा तस्मिन् मार्गे नारदमहर्षिःसमागतः।

नारदमहर्षिं दृष्ट्वा चौर्यं कर्तुं रत्नाकरः तत्सकाशं गतवान्। रत्नाकरः यथार्थमवगच्छति। ज्ञानोदयः सञ्जायते।रावणवधानन्तरं कस्यचन रजकस्य वचनं श्रुत्वा रामेण सीता परित्यक्ता। तस्मिन्नवसरे वाल्मीकिमुनेः आश्रमे सीता आश्रिताऽभूत्। आश्रमे एव कुशलवयोः जननमभवत्। बालकयोः शस्त्राभ्यासः शास्त्राभ्यासश्च वाल्मीकिमुनिना एव कारितः। अपि च बालकौ समग्रं रामायणं कण्ठस्थीकृतवन्तौ।

नाम - रोहन

कक्षा - अष्टमी

कालीदास



कालिदासः प्रथमशताब्द्याः महान् संस्कृतकविः नाट्यकारः च आसीत् ।भारतस्य पौराणिक कथा-दर्शनयोः आधारेण कृतानि ग्रन्थानि रचयत्, तस्य कृतयः भारतीयजीवनस्य दर्शनस्य च विविधरूपाणि मूलतत्त्वानि च प्रतिनिधियन्ति । एतेषां लक्षणानाम् कारणात् कालिदासः राष्ट्रस्य "समग्रराष्ट्रीयचेतनायाः स्वरं ददाति कविः" इति मन्यते, केचन विद्वांसः राष्ट्रकविस्थानं अपि ददति|

अभिज्ञानशकुन्तलम् इति कालिदासस्य प्रसिद्धतमं कृतिः । एतत् नाटकं यूरोपीयभाषासु अनुवादितानां प्रथमासु भारतीयसाहित्यग्रन्थेषु अन्यतमम् अस्ति । समग्रविश्वसाहित्ये अग्रणीसृष्टिः इति मन्यते । मेघदूतम् कालिदासस्य उत्तमसृष्टिः अस्ति यस्मिन् कविस्य कल्पनाशक्तिः अभिव्यञ्जकशक्तिः च उत्तमस्तरस्य अस्ति तथा च प्रकृतेः आश्चर्यजनकं मानवीकरणं खण्डकाव्यात् खण्डकाव्ये दृश्यते।

कालिदासः वैदर्भिशैल्याः कविः अस्ति तदनुसारं सः विशेषतया अलङ्कृता किन्तु सरलमधुरभाषायाः कृते प्रसिद्धः अस्ति ।

तस्य प्रकृतेः वर्णनानि अद्वितीयाः सन्ति, विशेषतया च उपमानां कृते प्रसिद्धाः सन्ति ।कालिदासस्य साहित्ये उदारवादस्य विषये विशेषः प्रेम अस्ति तथा च सः स्वस्य श्रृंगाररसप्रधानसाहित्ये अपि आदर्शवादीपरम्परायाः नैतिकमूल्यानां च सम्यक् पालनं कृतवान् अस्ति|

नाम: जागृति बालागा

कक्षा: नवमी

वेदाः भारतस्य प्राचिनः निधिः

वेदाः भारतस्य प्राचीनाः ग्रन्थाः सन्ति। ये हिन्दुधर्मस्य कृते अत्यन्तं महत्त्वपूर्णाः सन्ति । ऋग्वेदः, यजुर्वेदः, सामवेदः, अथर्ववेदः इति चत्वारः मुख्याः वेदाः सन्ति । ऋग्वेदे प्रार्थनाः स्तोत्राः च सन्ति, यजुर्वेदे अनुष्ठानानां संस्काराणां च चर्चा अस्ति, सामवेदे गीतानि, रागाः च सन्ति, अथर्ववेदे चिकित्साशास्त्रस्य, मायास्य, दर्शनस्य च सूचनाः सन्ति। एतेषु पुस्तकेषु प्राचीनभारतीयसभ्यतायाः, तेषां विश्वासानां, तेषां धर्मस्य आचरणस्य च विषये ज्ञानं प्राप्यते । ते पवित्राः इति मन्यन्ते, हिन्दुसंस्कृतौ महत् मूल्यं धारयन्ति च ।

नाम - सत्यम कुमार द्विवेदी
कक्षा - षष्ठी

Creative Expression

अंग्रेजी –विभाग

ENGLISH DEPARTMENT



CLASS X AND ME

'When the going gets tough the tough gets going'

'Try Try but Do Not Cry'

'Do your Karma and don't bother about Fruits'

The above are the phrases which are commonly used in daily life and especially for Students. Each have different meaning but all directs towards attaining success in life by maintaining hard work and commitment towards achieving success. As has been told to us the Marksheet of Class X is a replica of our personality and it lives with us whole of life.

One day I found myself in the race of achieving success amongst the students of my age in my school and lots of institutions in the country. It was day of reckoning and I got awakened by my Class Teacher, Co-Class Teacher and Teachers of the subject when all the students of Class X were called for Orientation program of Class X.

The Orientation program provided to me and my co-students was a detailed analysis of all the activities to be conducted in the school, by the school, by KV Sangathan and ONGC wherein my KV No. 4 ONGC is being managed under the MOU. The Orientation program contained the timeline of all the 3 PTs and 2 Pre-Board and many other activities to be conducted including the school enrichment activities of which I am now writing the note.

All the discussions undertaken by School Authorities directed towards making consistent efforts and a systematic approach towards achieving good results in Class X. As for me the Class X is a reality which has stuck to me in a time after 2 long years of COVID 19 wherein online studies were conducted and now had to grasp all the backlog in studies which occurred during that period of which I suppose I am not alone in facing hardships.

The fruits of online education are useful and good which made all of us to continue the studies in hard times, but the gap caused due to online studies within society and amongst teachers and students is also wide which of course is now being filled in by my Teachers through continuous personal interactions in the class and school.

Now coming to the phrases as detailed herein above in the article are the ones which are being used by our elders, Teachers and mentors in daily life, which are helping me and I suppose my co-students in filling up the gap created during the COVID19 in the studies and gaps between students and teachers. Class X is tough and easy both. Tough if not studied in a systematic manner. Easy when all the curriculum is given equal importance and done one by one.

Practicing each one of the phrases and many other like ones, I and my co-students will reach the goal and achieve desired success in Class X and in our life and show our strengths while exercising hard work and commitment adopting a systematic approach and continuous study while taking help of our mentors in KVS.

It has been truly said that in Geeta, ‘Do your Karma and do not bother about success’, underlying meaning thereby ‘Do the hard work so as to get the desired fruits of success’.

Priyanka Singh Azad,

Roll No. 39

Class X

STEPS TO SAVE FRESH DRINKABLE WATER

#1 Shower instead of taking a bath.
#2 Turn the water off, while you wash your hands or brush your teeth.
#3 Use your toilet flush's eco mode.
#4 Using a dishwasher ,instead of washing your dishes by hand.
#5 Use a bowl when you wash fruit or veggies.
#6 Low-flow showerheads and flow restrictors.
#7 Use your washer wisely.
#8 Fixing leaks promptly.
#9 Save rainwater and be water wise outside.
#10 Spread awareness about to "Save Fresh Drinkable Water"

Himanshu Gupta
Class:10
Roll no:1014

HUMANITY

No one is your enemy

Hug everyone with love

We erase the darkness of hatred

Let's light the lamp of love.

This whole world is yours

Everyone is mine

Then why is the mind engaged

Discrimination disease,

We sacrifice all the ego

Let's get rid of this disease today

We erase the darkness of hatred

Let's light the lamp of love.

Shreya Singh

Class: 10

POLLUTION

INTRODUCTION –

Pollution is the introduction of harmful materials into the environment. These harmful materials are called pollutants which are released in environment and also pollutants or pollution decrease the quality of air, water and land and it is important to understand this and solve this problem.

There are different types of pollution, which are either caused by natural events (like forest fires) or by man-made activities [like cars, factories, nuclear wastes] .

- CAUSES AND EFFECT –

AIR POLLUTION

Some causes that contribute to air pollution are:

- Burning fossil fuels
- Mining operations
- Exhaust gases from industries and factories. The effects of air pollution are based on the kind of pollutant.

WATER POLLUTION

Causes of water pollution include:

- Dumping solid wastes in water bodies
- Disposing untreated industrial sewage into water bodies

LAND POLLUTION

The main contributors include litter, waste, urbanization, construction, mining, extraction, and agriculture. Let's dive into how these different issues lead to increased land pollution.

Land pollution touches essentially every area of the living world, including:

• Contamination of drinking water

• Polluted soil, which leads to a loss of fertile land for agriculture and a reduction in the availability of food

• Climate change, which causes an onslaught of disastrous problems, including flash floods and irregular rainfalls

• The endangerment and extinction of species in wildlife

CONCLUSION - Because of all this reasons we have to prevent pollution by taking this kinds of action :

 Commute smart by walking or riding to work or the shops instead of driving. Motor vehicle emissions remain the most significant source of most common air pollutants

 Choose a fuel-efficient vehicle next time you are replacing your car.

 Save energy, by turning off the television and make sure you flick the light switch when you leave the room. Not only will you save money on your electricity bill, you will be reducing emissions from coal-fired electricity plants.

[WIPE OUT POLLUTION BEFORE IT WIPES YOU OUT]

[SAVE EARTH SAVE LIFE]

By: YUG GOHIL
CLASS: 8

FUN FACTS – SPACE

- Mercury & Venus are the only 2 planets in our solar system that have no moons.
- The highest mountain discovered is the Olympus Mons, which is located on Mars. Which is 16 miles tall!
- The Milky Way galaxy is 105,700 light-years wide.
- Footprints left on the Moon won't disappear as there is no wind.
- Earth's moon is smaller than the United States in length.
- According to mathematics, white holes are possible, although as of yet we have found none.
- Uranus' blue glow is due to the gases in its atmosphere.
- Because of its unique tilt, a season on Uranus is equivalent to 21 Earth years.
- Neptune's moon, Triton, orbits the planet backwards.
- There are more stars in space than there are grains of sand in the world.
- We can only see as far as the light from the farthest objects has been able to travel in the time.

BE POSITIVE

"Be Positive", a common phrase that we hear in our day to day life. When ever a person is nervous by the pressure of on coming event or by some failure, there word give him motivation to go ahead and perform better next time.

One of the reason for the success of Great Personalities in the world is their positive attitude. These personalities have faced many failures in their lives, but their positive attitude kept them alive in the competitive world. The way we look towards our life decides how our life will be.

We, as face many situations where our mind is diverted by nervousness and stress. Exams, Sports, etc. competitions, projects, all mount the burden on our brain. But our attitude comes to our rescue. We should just keep in our mind that 'I can do the task'. We should never be afraid of competition, but we shouldn't ever underestimate anybody.


So my request to everybody is that, 'BE POSTIVE' and keep in mind that 'All is well and will be well'.

SOMIL NAGLE
CLASS: 10th

Useful AI Tools

Task / Work	AI Tool
To solve anything	ChatGPT
To write any content	writesonic
To generate Art	midjourney
To generate Code	replit
To generate Video	synthesia
To generate Music	soundraw
To edit pictures	Remini

Huma Yasmin
PGT CS


My wish
I love the nature, which has fresh and clean air
I love the nature, it has dancing of birds and trees
I love the nature, which has full of the water in river
I love the nature, which has no pollution
Can you help me to complet my wish
kanishka patel
class:4
Roll no:424

M. PRANAV
class. 7th
Roll no. 727

The New Home Science

As fresh as morning dew, I still remember my grandmother asking us to have little ghee first thing in morning before eating our breakfast. Wonder, why do we need to have ghee that to empty stomach. one fine day, I asked my grandmother, why? she smiled and replied for our stomach to function properly. But I was not satisfied by the answer. The other day my brother got toothache, my grandmother applied clove oil. she use to store the peels of orange, lemon, and pomegrande and dry them. When asked for, she answered herbal use of hair & body & skin.

I wondered how my grandmother knew when and what to give in certain situations. Later, I got my answers. It's the New science of healing. which we know as Home Remedies.

During this covid times, the importance of Home remedies bought all my grandmothers tips and remedy back to light. Its all part of Ayurvedic Medicines. The traditional Indian systems medicines that uses a combination of diet, herbal treatment and yogic breathing to treat illness. Ayurveda helps us to reduce stress and anxiety. Boosts Immune system promotes digestion and alot more helpful for our Health.

Home remedies we can use in our day-to-day life so that we can maintain good health and proper functioning of our body parts & organs. Our Health is in our Hand

SCIENCE STARTS RIGHT AT HOME

M. Udbhav
Roll no: 4th
Class - 449

Water and its state

The other day I saw smoke coming out of tea kettle. What can it be? So, I asked my mother. She explained that when water gets very hot, it turns into steam and not smoke. If the hot water is covered with a lid, the steam turns into little bubbles, or else it will pass in air in form of steam.

It made me wonder what other ways water changes and what it changes into.

So I discovered that water has three states. Liquid, which is the water from tap. Solid, which is when it turns into ice after freezing and gas which is steam when water gets very hot.

At home when have juice with ice. The ice in water is solid state.

Hurray!, I got to know about states of water.

Tomorrow, I might discover something new.

विद्यालय परिवार



धन्यवाद